हाई पावर परचेज कमेटी व हाई पावर वर्क्स कमेटी की बैठक में 275 करोड़ रुपए की खरीद व कॉन्ट्रेक्ट को मंजूरी

चर्चा में क्यों?

10 मई, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) और विभाग उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (डीएचपीपीसी) तथा हाई पावर वर्क्स परचेज कमेटी की बैठक में लगभग 275 करोड़ रुपये की खरीद व कॉन्ट्रेक्ट को मंजूरी दी गई।

प्रमुख बिंदु

- बैठक में सिंचाई, पुलिस, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए), उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कुल 26 एजेंडे रखे गए थे, जिसमें से 18 एजेंडे को मंजूरी दी गई।
- बैठक में पशु बीमा के लिये भी इंश्योरेंस कंपनी के साथ रेट कॉन्ट्रैक्ट करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही 'पशु बीमा योजना' के तहत किसानों को 70 करोड़ रुपये का क्लेम दिया गया।
- राज्य सरकार ने टेंडर प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने हेतु व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित किया है। पहले केवल एल-1 पार्टी से ही नेगोशिएशन किया जाता था, अब यह सिस्टम बनाया गया है कि बोली राशि के 5 प्रतिशत तक की रेंज में एल-5 तक पार्टियों को नेगोशिएशन के लिये बुलाया जाता है, ताकि प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से रेट तय किये जा सकें।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/in-the-meeting-of-the-high-power-purchase-committee-and-high-power-works-committee